महत्वपूर्ण एवं खास

इतवारी बाजार में फटा सिलेंडर, फैली अफरा तफ़री

न्याय साक्षी/रायगढ़। शहर के इतवारी बाजार में आज दोपहर 3 बजे के आसपास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब मटन मुर्गा मार्केट के पास रखा हुआ सिलेंडर फट गया। मिली जानकारी के अनुसार मुर्गा व्यापरी ने मुर्गा छिलने के लिए चार किलो वाले घरेलू सिलेंडर में पानी गर्म करने के लिए चढ़ाया हुआ था तापमान तेज होने की वजह से सिलेंडर फट गया। धमाका इतना तेज था कि पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। जिससे अफरा तफ़री की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। हालांकि इस पूरे घटना में न ही किसी को चोट आई है न ही जनधन की हानि हुई है। पर सिलेंडर के फटने से दर्जनों देशी व फार्म मुर्गी शहीद जरूर हो गई।

व्यापम की परीक्षा में 3274 अभ्यर्थी हुए शामिल

न्याय साक्षी/रायगढ़। व्यापम द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ख और ग वर्ग के लिए आज आयोजित की गई। रायगढ़ में इसके लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा के लिए शहर के 12 परीक्षा केंद्र में आज नोडल अधिकारी दीपक निकुंज और सहायक नोडल अधिकारी रामकुमार चौहान की निगरानी में निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुई। रायगढ़ परीक्षा केंद्र के लिए 4477 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। लेकिन 3274 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए और 1203 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

न्याय साक्षी/रायगढ़। बाईक सवार एवँ भैसों के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं भैंसा मालिक भी घायल हो गया। एडु पुल के पास घटित इस घटना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत डोमनारा निवासी बिमल दास महंत बाइक पर 4 मई की रात घर जा रहा था कि भैंसा लेकर आ रहे गांडाराय राठिया के साथ जा टकराये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार एवं भैसा मालिक दोनों सड़क पर गिर कर तड़पने लगे। बाद में वाहन की मदद से उन्हें खरसिया के सिविल अस्पताल लाया गया । जहां खरसिया सिविल अस्पताल में बिमल दास की मौत हो गई। रात्रि 8 बजे की यह घटना एडू पुल के पास घटित हुई। बताया जाता है कि बिमल दास महंत ऐडू पुल चौक स्थित अपनी फल दुकान को बंद कर अपने घर लौट रहे थे। बाईक सहित भैंसा व भैंसा मालिक गाडाराय राठिया के साथ जोरदार टक्कर हो गई जिससे भैंसा मालिक गांड़ाराय का पैर फ्रेक्चर हो गया एवं बिमल दास महंत की खरसिया अस्पताल में मौत हो गई।

दंतैल ने आज फ़िर ली दो लोगों की जान

न्याय साक्षी/रायगढ़। धरमजयगढ़ में झुंड से अलग हुए दंतैल जंगली हाँथी ने क़हर बरपाना शुरू कर दिया है,दो दिनों में दंतैल ने रिटायर्ड फ़ौजी समेत तीन लोगों को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया है।

बता दें कि जंगली हाँथी के क़हर से लगातार जान गंवा रहे ग्रामीणों के परिजनों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है,आज सुबह फ़िर जंगली हाथी ने तेन्दूपत्ता बीनने गए दो ग्रामीणों की जान ले ली,जिसके बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल वयाप्त है,आज मारे गए ग्रामीण के पुत्र ने आज वन विभाग को लगभग चुनौती देते हुए कहा कि अब हाथियों को करंट लगा के मारेंगे,जंगलों में आग लगाएंगे और वन विभाग के अधिकारियों का पुरज़ोर विरोध करेंगे।

इधर इन सब बातों के इतर dfo प्रणय मिश्रा ने कहा कि महुआ और तेन्दूपत्ता का सीज़न होने की वजह से ग्रामीण अलसुबह जंगलों की ओर कूच कर रहे हैं,और हाथियों के हमले के शिकार हो रहे हैं,वन विभाग लगातार ग्रामीणों के बीच जाकर जागरूकता फैला रहा है,और उन्हें हाथियों से दूर रहने की सलाह दे रहा है,उन्होंने बताया कि एक दंतैल अपने उग्र स्वभाव की वज़ह से झुंड से अलग हो गया है और ग्रामीणों पर हमला कर रहा है,उस पर लगातार नज़र रखा जा रहा है,अभी भी वो क्रोन्धा के जंगलों में मौजूद है। डीएफओ मिश्रा ने बताया कि दंतैल की अब सेटेलाइट कॉलरिंग की जायेगी,इसके लिए विभाग के उच्च अधिकारियों की अनुमति ले ली गई है,उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सरगुजा की एक टीम इस कार्य में लगी हुई है,और बहुत ही जल्द इस हिंसक दंतैल को पकड़कर इसकी सेटेलाइट कॉलरिंग की जाएगी और फ़िर विभाग सेटेलाइट के जरिये उस दंतैल की मॉनिटरिंग करेगा,और लगातार उसका लोकेशन ट्रेस कर ग्रामीणों को उस ओर जाने से रोका जाएगा।

दो दिन में तीन लोगों को मौत के घाट उतारा

फाईल फोटो

जुनवानी में चलित थाना का आयोजन

न्याय साक्षी/रायगढ़। चक्रधरनगर थाना के ग्राम जुनवानी में आज चक्रधरनगर पुलिस द्वारा चलित थाना का आयोजन किया गया एवं ग्राम रक्षा समिति का गठन कर लोगो को साइबर क्राइम ,एटीएम फ्रॉड के संबंध में जानकारी दिया गया तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराध की सूचना तत्काल थाना प्रभारी को देने एवम किसी भी समय निःसंकोच थाना स्टाफ एवम प्रभारी से संपर्क कर सकने की समझाइश दी गई है । गांव में शराब बनाने वालों को मना किया गया ह है तथा बात नही मानने पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की हिदायत दी गई है। चक्रधरनगर थाना प्रभारी युवराज तिवारी के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा आयोजित चलित थाना । हमर गांव हमर पुलिस। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ए एस आई शशि देव भोई, कॉन्स्टेबल सुशील यादव व ग्राम जुनवानी के गणमान्य नागरिक जिनमें बाबुलाल दर्शन, मिनिकेतन मालाकार, रामेश्वर चौहान, माधव मालाकार व बड़ी संख्या में अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

दो बाईक चोर पकड़ाए

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुसौर पुलिस ने चोरी की दो मोटर सायकल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना पुसौर स्टाफ द्वारा धारा 379 भादंवि में चोरी हुई बाइक पैशन प्रो सीजी 13 यूसी 43-4899 आरोपी टिकेश्वर बरेट पिता मोहित बरेट उम्र 30 वर्ष साकिन लिजिंर से तथा आरोपी डमरूधर पिता होल बरेट उम्र 32 बर्ष साकिन लिजिर थाना पुसौर जप्त मो.सा. हिरो होंण्डा बिनां नम्बर किमती 30000/ रूपए जप्त कर धारा 41(1-4) जा.फौ. की कार्यवाही की गई है ।

एक के बाद एक सालों से फरार अपराधियों पर रायगढ़ आरपीएफ ने कसा शिकंजा

» 15 साल से फरार एक और आरोपी आरपीएफ रायगढ़ के हत्थे चढ़ा

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोतरा रोड के बंद रेल्वे फाटक को तोड़कर फरार होने वाले एक ऐसे ट्रक चालक को रायगढ़ आर पी एफ की टीम ने गिरफ्तार करने में अहम कामयाबी हासिल की है जो विगत 15 सालो से चकमा देकर भैयाथान जिला सूरजपुर में अपने घर मे छुपकर रेल्वे पुलिस से लुका छिपी का खेल- खेलरहा था। आरपीएफ पोस्ट रायगढ़ में पदस्थ उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार शास्त्री ने बताया कि आज से पंद्रह वर्ष पूर्व 2004 में कोतरा रोड के बंद फाटक को एक ट्रक क्रमांक सीजी 15 (सी)0362 के चालक दीपक यादव वल्द रामशरण यादव 41 वर्ष ने ट्रक को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कोतरा रोड के बंद फाटक को ठोकर मारकर फरार हो गया था मामले में उसके विरुद्ध पोस्ट में 2004 में धारा 160 बी के तहत जुर्म दर्ज था उक्त आरोपी ट्रक चालक दीपक यादव अपने घर भैयाथान जिला सूरजपुर में छिप कर रेल्वे पुलिस से लुकाछिपी का खेलकर 15 सालो से फरार था विदित हो कि जबसे रायगढ़ आरपीएफ पोस्ट प्रभारी के रूप में एम एल यादव ने कमान संभाली है तब से रायगढ़ रेल्वे की सीमा में अपराध घटित कर कई वर्षों से फरार अपराधियों की शामत आ गई है आरोपी दीपक यादव भी फरारी काटकर आरपीएफ पुलिस रायगढ़ को चकमा दे रहा था रेल्वे पुलिस खासकर निरीक्षक एम एल यादव की टीम जिसमे उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार शास्त्री और अमिनेश किशोर की टीम उसके घर भैयाथान सूरजपुर में लगातार जाकर पतासाजी करती रही।

विधायक की पहल पर बूढ़ी माई करबला तालाब की होगी सफाई

न्याय साक्षी/रायगढ़। युवा विधायक प्रकाश नायक की पहल पर बूढ़ी माई करबला तालाब की सफाई होगी। जलकुम्भी से पटे इस तालाब की सफाई होने से आसपास के लोगों को इस का लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ के प्राचीन बूढ़ी माई करबला तालाब लंबे समय से उपेक्षित है। जल कुम्भी और गंदगी से पटे होने के कारण आसपास रहने वाले लोगों को निस्तारी आदि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लंबे समय से इस तालाब की सफाई की मांग हो रही है, परन्तु अब तक नगर पालिक निगम की ओर से ठोस पहल नहीं होने के कारण इस प्राचीन तालाब की स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसी कड़ी में जनसमुदाय की ओर से की जा रही मांग को रायगढ़ के विधायक प्रकाश नायक ने गंभीरता से लिया और उन्होंने इस तालाब की साफ-सफाई के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। विधायक के निर्देशानुसार बूढ़ी माई करबला तालाब की साफ-सफाई की पहल शुरू हो गयी है। निगम आयुक्त रमेश जायसवाल ने बताया की बूढ़ी माई तालाब की सफाई के लिए 2 लाख रूपये की स्वीकृति की गयी है। तालाब की सफाई का काम शुरू भी कर दिया गया है, विधायक की पहल पर इस तालाब की सफाई होने से आस-पास की कई मोहल्लों में रहने वाले लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा। निश्चित तौर से उनका यह पहल सराहनीय है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%

Topper Students Last Session

Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Ayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480